SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 14/10/2019

Q1. वर्ल्ड के सबसे मूल्यवान "ब्रैंड" वाले देशों की लिस्ट में भारत 2 स्थान की बढ़ोतरी के साथ कौन से स्थान पर पहुच गए है?

क. तीसरे

ख. पांचवे

ग. सातवे

घ. दसवे

वर्ल्ड के सबसे मूल्यवान "ब्रैंड" वाले देशों की लिस्ट में भारत 2 स्थान की बढ़ोतरी के सातवे स्थान पर पहुच गए है. भारत की ब्रैंड वैल्यू में 18 फीसदी का इजाफा

SarkariExam.Com

हुआ है. अब भारत की ब्रैंड वैल्यू बढ़कर अब 2,56,200 करोड़ डॉलर हो गई है. इस लिस्ट में अमेरिका टॉप पर बना हुआ है.

Q2. वर्ष 1998 में जन्मी दुनिया की पहली क्लोन गाय "कागा" का कितने वर्ष की उम्र में हाल ही में जापान में निधन हो गया है?

क. 21 वर्ष

ख. 25 वर्ष

ग. 37 वर्ष

घ. 42 वर्ष

वर्ष 1998 में जन्मी दुनिया की पहली क्लोन गाय "कागा" का 21 वर्ष की उम्र में हाल ही में जापान में निधन हो गया है. उनकी मौत उसी रिसर्च सेंटर में हुई, जहां इसका जन्म हुआ था. "कागा" गाय का जन्म 1998 में इशीकावा प्रीफेक्चरल लाइव्सस्टॉक रिसर्च सेंटर और किनकी विश्वविद्यालय में संयुक्त शोध से हुआ था.

Q3. कोमोरोस के राष्ट्रपति अजाली असौमानी ने भारत के ___ को "द ऑर्डर ऑफ द ग्रीन क्रिसेंट" से सम्मान से सम्मानित किया है?

क. एम वेंकैया नायडू

ख. नरेंद्र मोदी

ग. रामनाथ कोविंद

घ. रामविलास पासवान

SarkariExam.Com

कोमोरोस के राष्ट्रपति अजाली असौमानी ने भारत के उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू को “द ऑर्डर ऑफ द ग्रीन क्रिसेंट” से सम्मान से सम्मानित किया है. हाल ही में दोनों देशो ने रक्षा सहयोग और स्वास्थ्य समेत 6 समझौते पर हस्ताक्षर किए है. और भारत, कोमोरोस को 2 करोड़ डॉलर का लाइन ऑफ क्रेडिट देगा.

Q4. भारत के किस आईआईटी संस्थान ने प्राकृतिक आपदा के दौरान फंसे जीवित लोगों का पता लगाकर जानकारी देने वाला सॉफ्टवेयर को बनाया है?

क. आईआईटी दिल्ली

ख. आईआईटी मुंबई

ग. आईआईटी मद्रास

घ. आईआईटी खडगपुर

आईआईटी मद्रास ने हाल ही में प्राकृतिक आपदा के दौरान फंसे जीवित लोगों का पता लगाकर जानकारी देने वाले सॉफ्टवेयर को बनाया है. इस सॉफ्टवेयर में वीडियो अपलोड करने पर पता चल जाएगा कि कहां और कितने लोग फंसे हुए हैं. उस साॅफ्टवेयर को “आई इन द स्काई” प्रोजेक्ट के तहत बनाया गया है.

SarkariExam.Com

Q5. 59वीं राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में दुती चंद ने महिला की कितने मीटर स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए गोल्ड मेडल जीत लिया है?

क. 100 मीटर

ख. 200 मीटर

ग. 400 मीटर

घ. 500 मीटर

59वीं राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में दुती चंद ने महिला की 100 मीटर स्पर्धा का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए गोल्ड मेडल जीत लिया है. उन्होंने 11.22 सेकेंड रेस पूरी करने हुए इस वर्ष अप्रैल में एशियाई चैम्पियनशिप में 11.26 सेकेंड के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है.

Q6. फोर्ब्स के द्वारा जारी की गयी सबसे अमीर भारतीय की सूची में कौन भारत के दुसरे सबसे अमीर व्यक्ति रहे है?

क. हिंदुजा ब्रोदेर्स

ख. प्लौजी मिस्त्री

ग. मुकेश अम्बानी

घ. गौतम अदानी

फोर्ब्स के द्वारा जारी की गयी सबसे अमीर भारतीय की सूची में अदानी ग्रुप के गौतम अदानी वर्ष 2019 में 1.11 लाख करोड़ रूपये की संपत्ति के साथ भारत के दुसरे सबसे अमीर व्यक्ति रहे है. जबकि पहले स्थान पर 3.65 लाख करोड़ रूपये की संपत्ति के साथ मुकेश अम्बानी 12वीं बार पहले स्थान पर है.

SarkariExam.Com

Q7. भारतीय टेनिस प्लेयर दिविज शरण एटीपी डबल्स रैंकिंग सूची में भारत ही नहीं बल्कि एशिया के नंबर __ खिलाडी बन गए है?

क. नंबर एक

ख. नंबर टू

ग. नंबर थ्री

घ. नंबर फोर

भारतीय टेनिस प्लेयर दिविज शरण एटीपी डबल्स रैंकिंग सूची भारत ही नहीं एशिया के नंबर एक खिलाडी बन गए है. वे एटीपी रैंकिंग में भारत के टॉप खिलाड़ी हैं. हालाँकि वे तीन पायदान के की बढ़ोतरी के साथ वर्ल्ड के 42वें नंबर के खिलाडी बन गए है.

Q8. टेलिकॉम कंपनी भारती एयरटेल ने कोलकाता के बाद किस राज्य में अपना 3जी नेटवर्क बंद कर दिया है?

क. केरल

ख. गुजरात

ग. हरियाणा

घ. पंजाब

दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने कोलकाता के बाद हरियाणा में अपना 3जी नेटवर्क बंद कर दिया है. कंपनी ने अब 3जी नेटवर्क के ग्राहकों को कंपनी ने 4जी में स्थानांतरित कर दिया है. हरियाणा दूसरा सर्किल है जहां एयरटेल ने 3जी सेवाओं को बंद कर दी है.

SarkariExam.Com

Q9. किस वर्ष अंतरिक्ष में पहली बार चहलकदमी करने वाले सोवियत अंतरिक्ष यात्री एलेक्सी लियोनोव का हाल ही में निधन हो गया है?

क. 1960

ख. 1962

ग. 1965

घ. 1968

वर्ष 1965 में अंतरिक्ष में पहली बार चहलकदमी करने वाले सोवियत अंतरिक्ष यात्री एलेक्सी लियोनोव का हाल ही में 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया है. उनके निधन को रूसी अंतरिक्ष यात्री ओलेग कोनोनेंको ने “पूरे ग्रह के लिए क्षति” बताया है. एलेक्सी लियोनोव ने अंतरिक्ष में लगभग 16 फीट लंबे केबल की मदद से अंतरिक्ष में 12 मिनट तक चहलकदमी की थी.

Q10. 6 बार की चैंपियन एमसी मेरीकॉम ने विश्व महिला मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में कौन सा मेडल जीता है?

क. गोल्ड मेडल

ख. सिल्वर मेडल

ग. ब्रोंज मेडल

घ. इनमे से कोई नहीं

6 बार की चैंपियन एमसी मेरीकॉम ने विश्व महिला मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में 51 किलोग्राम भारवर्ग में ब्रोंज मेडल जीता है वे सेमीफाइनल मुकाबले में तुर्की की

SarkariExam.Com

बुसेनाज काकिरोग्लू से हार गयी. उन्हें काकिरोग्लू ने 4-1 से शिकस्त हरा दिया है. फिर भी मेरीकॉम का महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में यह 8वां पदक है.

Q11. निम्न में से किसने हाल ही में रीडर्स च्वाइस अवार्ड्स 2019 की घोषणा की जिसमे 17 होटलों को "बेस्ट होटल्स इन द वर्ल्ड" की लिस्ट में रखा गया है?

क. फोर्ब्स

ख. यूनेस्को

ग. मुद्दिज

घ. इंटरनेशनल मैग्जीन कोंडे नेस्ट ट्रैवलर

इंटरनेशनल मैग्जीन कोंडे नेस्ट ट्रैवलर ने हाल ही में रीडर्स च्वाइस अवार्ड्स 2019 की घोषणा के जिसमे 17 होटलों को "बेस्ट होटल्स इन द वर्ल्ड" की लिस्ट में रखा गया है. इस लिस्ट के टॉप 10 में भारत के 2 होटल को जगह मिली, तीसरे स्थान पर उदयपुर का ताज लेक पैलेस और 7वें स्थान पर जयपुर के रामबाग पैलेस को जगह मिली है.

Q12. केन्या के इलिउद किपचोगे 2 घंटे से कम समय में मैराथन पूरी करने वाले ___ धावक बन गए है?

क. पहले

ख. दुसरे

ग. तीसरे

घ. पाचवे

SarkariExam.com

केन्या के इलिउद किपचोगे 2 घंटे से कम समय में मैराथन पूरी करने वाले पहले धावक बन गए है. उन्होंने 42.195 किलोमीटर की दूरी को 1 घंटा 59 मिनट और 40 सेकंड में तय की है.

Q13. भारत के किस शहर की 75 वर्षीया बकुलाबेन पटेल इस उम्र में आरंगेत्रम की प्रस्तुति देने वाली वे देश की पहली महिला बन गई हैं?

क. दिल्ली

ख. कोटा

ग. कोचि

घ. सूरत

भारत के गुजरात के सूरत की 75 वर्षीया बकुलाबेन पटेल इस उम्र में आरंगेत्रम की प्रस्तुति देने वाली वे देश की पहली महिला बन गई हैं. “आरंगेत्रम” भरतनाट्यम नृत्य का एक हिस्सा है जिसमे 90 मिनट तक भरतनाट्यम की 9 कलाओं की प्रस्तुति दी जाती है. बकुलाबेन पटेल ने 68 वर्ष की उम्र में आरंगेत्रम सीखना शुरू किया था.

Q14. पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित कादरी गोपालनाथ का हाल ही में कितने वर्ष की आयु में निधन हो गया है?

क. 55 वर्ष

ख. 69 वर्ष

ग. 78 वर्ष

SarkariExam.Com

घ. 89 वर्ष

पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित कादरी गोपालनाथ का हाल ही में 69 वर्ष की आयु में निधन हो गया है. वे प्रसिद्ध सैक्सोफोन वादक थे. उनका निधन कर्नाटक के मंगलुरु में हुआ. उन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, कर्नाटक कलश्री समेत कई पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है.

Q15. सीरिया में जातीय और धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए किसने मानवीय सहायता के लिए 5 करोड़ डॉलर की राशि दी है?

क. डोनाल्ड ट्रम्प

ख. नरेंद्र मोदी

ग. जी जिनपिंग

घ. व्लादिमीर पुतिन

सीरिया में अत्याचार का सामना कर रहे जातीय और धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मानवीय सहायता के लिए 5 करोड़ डॉलर की राशि दी है. यह धन राशि सीरिया में मानवाधिकार रक्षकों, नागरिक संगठनों और हिंसा से पीड़ित जातीय लोगो के मदद करने वाले पुनर्वास कार्यक्रमों को दी जाएगी.

SarkariExam.Com

Q16. विश्व युवा शतरंज चैंपियनशिप में अंडर-18 ओपन वर्ग भारत के 14 वर्षीया आर. प्रागनानंदा ने कौन सा मेडल जीता है?

क. गोल्ड मेडल

ख. सिल्वर मेडल

ग. ब्रोंज मेडल

घ. गोल्ड और सिल्वर दोनों

विश्व युवा शतरंज चैंपियनशिप में अंडर-18 ओपन वर्ग भारत के 14 वर्षीया आर. प्रागनानंदा ने गोल्ड मेडल जीता है. 14 वर्ष के ग्रैंडमास्टर आर. प्रागनानंद ने 11वें और अंतिम दौर में जर्मनी के वालेंटिन बकल्स ने ड्रॉ खेला जिसकी वजह से वे 9 अंक लेकर पहले स्थान पर रहे.

Q17. भारत की महिला बॉक्सर जमुना बोरो ने कितने किलोग्राम भार वर्ग में ब्रोंज मेडल जीता है?

क. 45 किलोग्राम

ख. 51 किलोग्राम

ग. 54 किलोग्राम

घ. 62 किलोग्राम

भारत की महिला बॉक्सर जमुना बोरो ने 54 किलोग्राम भार वर्ग में ब्रोंज मेडल जीता है. वे सेमीफाइनल मुकाबले में चीन की हुआंग हसिआओ-वेन के खिलाफ मैच हार गयी. वही भारतीय महिला बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन ने भी 69 किलोग्राम भार वर्ग में ब्रोंज मेडल जीता है.

SarkariExam.Com

Q18. स्पेन का कौन सा फुटबॉल खिलाडी ने स्पेन के लिए सबसे ज्यादा 168 मैच खेलने वाला खिलाडी बन गया है?

क. इकर कैसिलास

ख. सर्जियो रेमोस

ग. लिओनेल मेसी

घ. क्रिस्टियनो रोनाल्डो

स्पेन के फुटबॉल खिलाडी सर्जियो रेमोस स्पेन के लिए सबसे ज्यादा 168 मैच खेलने वाले खिलाडी बन गए है. उन्होंने वर्ल्ड कप विजेता कप्तान इकर कैसिलास का रिकॉर्ड तोड़ा दिया है. सर्जियो रेमोस एक वर्ल्ड कप, 2 यूरो कप जीतने वाली टीम के सदस्य रह चुके हैं.

Q19. हाल ही में किस देश में 60 वर्ष का सबसे भीषण तूफान 'हेजिबीस' आया है जिसमे लगभग 10 की मौत हुई है?

क. चीन

ख. ऑस्ट्रेलिया

ग. भारत

घ. जापान

हाल ही में जापान में 60 वर्ष का सबसे भीषण तूफान 'हेजिबीस' आया है जिसमे लगभग 10 की मौत हुई है और करीब 100 लोग घायल हुए हैं. समाचार एजेंसी के मुताबिक, लगभग 73 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भी ले जाया गया है. इस

SarkariExam.Com

तूफ़ान से पहले चिबा में 5.7 तीव्रता के भूकंप का झटका भी महसूस किया गया था.

Q20. हाल ही में किस देश ने अधिक से अधिक चीनी पर्यटकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से चीनी पर्यटकों के लिये ई-वीजा के नियमों में ढील दी है?

क. भारत

ख. अमेरिका

ग. ऑस्ट्रेलिया

घ. जापान

भारत ने हाल ही में अधिक से अधिक चीनी पर्यटकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से चीनी पर्यटकों के लिये ई-वीजा के नियमों में ढील दी है. चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग भारत यात्रा पर आये हुए हैं. साथ ही चीनी सैलानियों के लिए एकाधिक प्रवेश सुविधाओं के साथ 5 वर्ष के टूरिस्ट ई-वीजा की घोषणा की गयी है.

SarkariExam.com